# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प0नि0/II/1039 दिनांक : 10.09.2026

## विज्ञप्ति

पत्र संख्या–आर0ओ0/1504 दिनांक 25.82026, पत्र सं0 प0नि0/II/1021 दिनांक 27.08.2026, पत्र सं0 प0नि0/II/1024 दिनांक 30.08.2026, पत्र सं0 प0नि0/II/1031 दिनांक 01.09.2026, पत्र सं0 प0नि0/II/1033 दिनांक 04.09.2026, पत्र सं0 प0नि0/II/1034 दिनांक 05.09.2026 एवं पत्र सं0 प0नि0/II/1035 दिनांक 07.09.2026 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से वर्ष 2026 में विश्वविद्यालय की स्नातक उत्तीर्ण टॉप 5 प्रतिशत छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये थे।

अनेकों बार विश्वविद्यालय वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करने, समाचार पत्रों में इस आशय हेतु खबर प्रकाशित करवाने, महाविद्यालयों के ग्रुप पर बार–बार अवगत कराने तथा महाविद्यालयों/छात्राओं/अभिभावकों को व्यक्तिगत रूप से फोन पर अनुरोध करने के बाद भी अनेकों छात्राओं का स्कूटी योजना के पंजीकरण हेतु डेटा आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है।

उपर्युक्त प्रयासों के बावजूद भी कुछ छात्राओं द्वारा अभिलेख उपलब्ध न कराना यह स्पष्ट संकेत है कि ऐसी छात्राओं की स्कूटी योजना हेतु अभिलेख उपलब्ध कराने में रूचि नहीं है अथवा वह उक्त योजना हेतु पात्र नहीं है।

***उत्तर–प्रदेश शासन द्वारा स्कूटी योजना हेतु निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण की अन्तिम तिथि 13.09.2026 घोषित की गयी है। इसलिये 13.09.2026 के पश्चात् किसी भी छात्रा का पंजीकरण अथवा ओ0टी0पी0 सत्यापन सम्भव नहीं होगा।***

ऐसी छात्रायें जिन्होंने अभी तक समस्त अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये हैं, से पुनः आग्रह है कि वह दिनांक 13.09.2026 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को समस्त वांछित सूचनायें/अभिलेख उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त ऐसी छात्रायें जिन्होंने अपने सभी अभिलेख उपलब्ध करा दिये हैं किन्तु जिनका आधार ओ0टी0पी0 सत्यापित नहीं है, विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना आधार ओ0टी0पी0 सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।

ऐसी छात्रायें जिनका डेटा दिनांक 13.09.2026 तक उपलब्ध न होने के कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है, की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्रा की होगी।

अभिलेख जो प्रस्तुत करने अनिवार्य हैं :–

1- APAAR ID
2- Date Of Birth
3- Mobile No (जो आधार से लिंक हो)
4- Category
5- Latest Domicile Application No.(Issued by E-District Portal)
6- Latest Domicile ID (Issued by E-District Portal)
7- Latest Income Application No.(Issued by E-District Portal)
8- Latest Income Certificate Id (Issued by E-District Portal)
9- Graduation Marksheets (All Semester)
10- Adhar Card

**संलग्नकः– 1.ऐसी छात्रायें जिनका कोई भी अभिलेख प्राप्त नहीं हुआ है।**

**2. ऐसी छात्रायें जिनका एक अथवा एक से अधिक अभिलेख प्राप्त नहीं हुआ है।**

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

1– वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2– वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
3– समस्त सम्बन्धित प्राचार्यों एवं विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न सूची में वर्णित अपने महाविद्यालय/विभाग से सम्बन्धित छात्राओं को उपर्युक्त विज्ञप्ति से व्यापक रूप से अवगत कराते हुये अभिलेख उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
4– प्रभारी वेबसाइट।

उप–कुलसचिव